





# वरल्यापानी में लगी पुलिस चौपाल ग्रामीणों को किया जागरूक

▶ यातायात नियम, सायबर सुरक्षा और अपराधों के बारे में बताया

**बड़वानी, ( नवभारत )।** थाना निवाली पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम वरल्यापानी में पुलिस द्वारा जनजागरूकता के लिए चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को कानून, सुरक्षा एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा। आयोजन एसपी पद्मविलोचन शुक्ल (भापुसे) के निर्देशन में किया जा रहा है।

चौपाल के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य बताया गया। साथ ही पिकअप एवं मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठने तथा ओवरलोड वाहनों में यात्रा न करने की सख्त हिदायत दी गई।

इसके अतिरिक्त मिशन डी3 के तहत सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता, साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय एवं महिला संबंधित अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी सांझा की गई। जिससे वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सके।

ग्रामीणों ने प्रश्न रखे, जिनका पुलिस अधिकारियों द्वारा सरल एवं स्पष्ट रूप से समाधान किया गया। पुलिस ने आमजनों से अपील की कि वे कानून का पालन करें, जागरूक नागरिक बने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे, ताकि सुरक्षित एवं अपराधमुक्त समाज का निर्माण किया जा सके।



### सुनवाई से भरोसे की नींव मजबूत

**बड़वानी।** एसपी ऑफिस व जिले के सभी थाना परिसरों में इस मंगलवार को भी जनसुनवाई आयोजित की गई। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल (भापुसे) के नेतृत्व में हुई जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिकों ने समस्याएं प्रस्तुत की। इस दौरान पारिवारिक विवाद, लेन-देन संबंधी प्रकरण, भूमि विवाद, आपसी रंजिश, मारपीट तथा लंबित मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। एसपी द्वारा प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश

गंभीर मामलों में थाना प्रभारियों से दूरभाष पर जानकारी लेकर मौके पर ही वैधानिक कार्रवाई कराई। लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को निष्पक्ष एवं जवाबदेह जांच के निर्देश दिए। जनसुनवाई में एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी महेश सुनैया, डीएसपी अजाक निलेश्वरी डावर सहित अन्य राजपत्रित अधिकारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

# पं. बंगाल में विजयी पर निकाला जुलूस

**पानसेमल, ( नवभारत )।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत पर देश भर में भाजपाइयों में खुशी की लहर छाई है। जीत को लेकर पानसेमल नगर में उत्साह का माहौल रहा, विधायक श्याम बर्डे ने भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ ढोल-बाजे के साथ जुलूस निकाला, जो बस स्टैंड पर समाप्त हुआ। जहां एक-दूसरे को झालमुड़ी और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।



विधायक ने कहा कि बंगाल में षड़यंत्रकारी राजनीति समाप्त हुई है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की रीती-नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत से लगातार जीत मिल रही है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में

भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर सुबह से ही जनसेवा विधायक कार्यालय पर कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति देखने को मिली। सभी कार्यकर्ता टीवी पर चुनाव परिणामों का उत्साहपूर्वक अवलोकन कर रहे थे। जैसे-जैसे भाजपा की बढ़त स्पष्ट होती गई, नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से कार्यकर्ताओं की भीड़ लगातार बढ़ती गई। कार्यालय परिसर में जोरदार आतिशबाजी की गई तथा विधायक द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा बंगाल में लोकप्रिय झालमुड़ी भी वितरित की गई। देर शाम जनसेवा कार्यालय से सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भव्य विजय जुलूस निकाला गया। ढोल-ताशों एवं नगाड़ों की गूंज, जगह-जगह आतिशबाजी और जय श्री राम भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद एवं नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। यह काफिला नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पंडित दीनदयाल परिसर बस स्टैंड, पानसेमल पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

विधायक श्याम बरडे ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, गृहमंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन एवं कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में बूथ स्तर तक किए गए माइक्रो मैनेजमेंट और घर-घर सम्पर्क अभियान ने जनता का विश्वास जीता। जिससे यह ऐतिहासिक विजय संभव हुई। उन्होंने यह भी कहा कि 15 वर्षों के कुशासन से मुक्ति दिलाकर भाजपा ने विकास के नए युग की शुरुआत की है।

वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि यह जीत सिर्फ चुनावी सफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और विकास की राजनीति की विजय है। बंगाल की धरती पर कमल खिलना, देश में बदलाव और विश्वास की नई लहर का संकेत है।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता गोविंद जोशी, कैलाश शर्मा, राजेंद्र शितोले, जिला महामंत्री सचिन चौहान, जिला उपाध्यक्ष राम सोनाने लोकेश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष चेनसिंह गदरे, रामचंद्र सोनी, चंद्रकांत महाजन, रामेश्वर रावत प्रकाश जोशी, देवीदास साटोटे, प्रभु रामोडे, मनोहर माली, सचिन चौहान, इस्माइल आजाद, उत्तम चौहान, रवि शितोले, गोविंदा चौधरी, लाला जोशी, राकेश चौधरी, श्याम पंडित, पठान किराडे, योगेश पाटिल, पंडित माली, जगदीश भंडारी उपस्थित रहे। आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए थाना प्रभारी विजय रावत पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# बंधारेश्वर महादेव मंदिर में होगा टीनशेड निर्माण

**पानसेमल, ( नवभारत )।** विधायक श्याम बरडे ने ग्राम पंचायत बंधारा स्थित प्रसिद्ध बंधारेश्वर मंदिर में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले शेड निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमि पूजन किया।

मंगलवार को विधायक बरडे सहपरिवार मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा बंधारेश्वर भोलेनाथ के दर्शन-पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मंदिर परिसर में बनने वाले नवीन शेड एवं पेवर ब्लॉक से होने वाले सौंदर्यीकरण कार्यों का विधिपूर्वक शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



विधायक बरडे ने भावुकता के साथ कहा कि यह मंदिर उनके लिए केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि गहरी आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार में कोई भी शुभ कार्य बाबा बंधारेश्वर के आशीर्वाद से ही प्रारंभ होता है। ऐसे पावन स्थल के विकास में योगदान देने का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि सभी मिलकर इस मंदिर को भव्य, दिव्य और आकर्षक बनाने का संकल्प लें, ताकि यह स्थान दूर-दूर तक श्रद्धा और सेवा का प्रतीक बन सके। जिला उपाध्यक्ष राम सोनाने ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री प्रकाश जोशी ने किया।

# नगर पालिका ने लगाया कैम्प

▶ अमृत मित्र महिलाओं और निकाय की टीम ने जांचें पेयजल के नमूने

**बड़वानी, ( नवभारत )।** नगर पालिका अमले द्वारा शहर के वार्डों में निरंतर जल सुनवाई कैम्प आयोजित कर पानी के नमूने जांचें जा रहे हैं। इसी क्रम में 5 मई 2026 को शहर की गायत्री मंदिर रोड़ पर सम्मिलित जल सुनवाई कैम्प लगाया। जिसके अन्तर्गत अमृत मित्र महिलाओं और निकाय की टीम द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण कार्य किया गया। उक्त शिविर जलप्रदाय प्रभारी की उपस्थिति में लगाया गया। इस दौरान 17 पेयजल नमूने की जांच की गई, वार्ड में निवासरत नागरिकों के घरों का पानी एवं निवास पर स्थापित कुएं के पानी की जांच की गई।




## एक नजर में

### इनडीड ऐप चैटजीपीटी में उपलब्ध हुआ

इंदौर. हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड ने अपने इनडीड ऐप का विस्तार भारत एवं 50 अन्य देशों में चैटजीपीटी के अंदर किया है. इससे पहले इसे इस साल अमेरिका में लॉन्च किया गया था. अब भारत में लॉन्च होने के बाद यह ऐप नौकरी के इच्छुकों को इनडीड की जॉब लिस्टिंग चैटजीपीटी के माध्यम से उपलब्ध कराएगा. इस समर्पित अनुभव द्वारा इनडीड का विशाल जॉब मार्केट ओपन.ए.आई के चैटजीपीटी की बातचीत की शैली में उपलब्ध हो जाएगा. इनडीड के वीपी, प्रोडक्ट, सोल गार्गर ने कहा करियर की प्रेरणा किसी भी स्थान से मिल सकती है. हमने इनडीड के व्यापक हायरिंग मार्केटप्लेस को चैटजीपीटी की आधुनिक मैचिंग से जोड़ा है, ताकि नौकरी के इच्छुक इस प्रेरणा को तुरंत अमल में ला सकें और नियोक्ताओं को प्रतिभाशाली लोगों से जुड़ने के नए तरीके मिलें, जो उनके बिजनेस को आगे बढ़ाने में मदद करें.

### एयू बैंक ने जीरो फॉरेक्स मार्जिन रेमिटेंस की शुरुआत की

इंदौर. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक और एक दशक से अधिक समय में रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया से यूनिवर्सल बैंक में परिवर्तन के लिए इन-प्रिंसिपल मंजूरी पाने वाला पहला संस्थान, ने अंतरराष्ट्रीय फंड ट्रांसफर में छिपे शुल्कों को खत्म करने के उद्देश्य से एक ग्राहक-केंद्रित फॉरेक्स पहल की शुरुआत की है. इस पेशकश के साथ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक निजी क्षेत्र में इनवर्ड और आउटवर्ड, दोनों प्रकार की रेमिटेंस पर ज़ीरो फॉरेक्स मार्जिन और ज़ीरो बैंक चार्ज प्रदान करने वाला भारत का एकमात्र बैंक बन गया है. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के डिप्टी सीईओ उत्तम तिबरेवाल ने कहा हमारे अनुभव में, फॉरेक्स लेन-देन में सबसे लगातार रहने वाली लागत हमेशा दिखाई देने वाली नहीं होती- बल्कि यह इस बात की अस्पष्टता होती है कि अंतत: ग्राहक को वास्तव में कितना प्राप्त होगा. एयू में, हम मानते हैं कि बैंकिंग को जीवन सरल बनाना चाहिए, न कि ग्राहकों को परिणामों को लेकर अंदाज़े लगाने पर मजबूर करना चाहिए.

### अमेजन ग्लोबल सेलिंग से इंदौर सेलर्स पहुंच रहे विश्व तक

इंदौर. एमेज़ॉन के ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट प्रोग्राम, एमेज़ॉन ग्लोबल सैलिंग के अंतर्गत इंदौर में एक्सपोर्ट हाट का आयोजन किया गया. इसका उद्देश्य भारत में बढ़ते हुए व्यवसायिक केंद्रों को एक्सपोर्ट के अवसर प्रदान करना था. इंदौर में आयोजित एक्सपोर्ट हाट में इंदौर और नजदीकी इलाकों, जैसे भोपाल के 150 से अधिक एक्सपोर्टर सम्मिलित हुए. यहाँएक्सपोर्टर्स को अपने एक्सपोर्ट व्यवसाय को शुरू करने और आगे बढ़ाने के लिए जरूरी विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया. श्रीनिधि कल्वापुड़ी, हेड, एमेज़ॉन ग्लोबल सेलिंग इंडिया ने कहा इंदौर एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जो पूरे भारत में देखने को मिल रहा है. उभरते हुए एक्सपोर्ट केंद्रों के व्यवसाय मजबूती से विश्व के बाजारों की ओर बढ़ रहे हैं. मध्य प्रदेश भारत के सबसे महत्वपूर्ण टेक्सटाईल और कॉटन उत्पादक राज्यों में से एक हैय यहाँ पर निर्माण की क्षमता वैश्विक मांग को बढ़ावा दे रही है और 'मेड इन इंडिया' प्रोडक्ट्स को पूरे विश्व के ग्राहकों तक पहुँचा रही है.

### सात दिवसीय नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ आज से

इंदौर. महाकालेश्वर और ओमकारेश्वर-ममलेश्वर जैसे दो ज्योतिर्लिंगों के बीच बसी देवी अहिल्या की नगरी और माँ नर्मदा एवं क्षिप्रा के सानिध्य में पहली बार शहर के खजराना गणेश मन्दिर पर 7 दिवसीय नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ का दिव्य आयोजन 5 से 11 मई तक प्रतिदिन शाम 5 से 8 बजे तक माँ नर्मदा के अनन्य भक्त महायोगी अवधूत दादागुरु भगवान की प्रेरणा एवं उनके पावन सानिध्य में होगा. आयोजन समिति के राजेंद्र बंसल, नित्यम बंसल एवं देवांग शर्मा ने बताया कि कथा का शुभारंभ मंगलवार को शाम 4 बजे खजराना गणेश मंदिर परिसर में वृक्ष कलश यात्रा के साथ होगा. मंगल कलशधारी 501 महिलाओं को कलश में नर्मदा जल के साथ एक-एक पौधा भी दिया जाएगा जो सातों दिन कथा स्थल पर रखने के बाद अभिमंत्रित और सिद्ध पौधे के रूप में मातृशक्ति को दादागुरु के करकमलों से भेंट किया जाएगा.



# जिला अस्पताल में हिट-स्ट्रोक के लिए हर वार्ड में 2 बेड रिजर्व

▶ लू से बचाव के लिए एचआरआई क्लीनिक की है सुविधा

आलीराजपुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए एडवाइजरी जारी कर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ती गर्मी और लू से बचाव के लिए आपात स्थिति में मरीजों को समय पर इलाज मिल सके इसके लिए जिला अस्पताल के प्रत्येक वार्ड में 2 बेड आरक्षित किए गए । लू/तापघात के मरीजों की चिकित्सा के लिए एचआरआई क्लीनिक बनाया गया है जिसमें एमडी डॉक्टर द्वारा मरीजों को इलाज दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में लू से बचाव के लिए उपयोग में आने वाली दवाइयों के लिए ओआरटी कॉर्नर बनाया गया है जिसमें पर्याप्त दवाईयां उपलब्ध है।




**गर्मी से बचाव के उपाय-** स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि तेज धूप में अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें और दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच धूप में जाने से परहेज करें। अधिक मात्रा में पानी, नींबू पानी, छाछ, लस्सी और ओआरएस का सेवन करें। हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़े पहनें तथा बाहर निकलते समय सिर को टोपी, गमछा या कपड़े से ढककर रखें। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

### लक्षण दिखाई देने पर तुरंत करें यह कार्य

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यदि किसी व्यक्ति को अत्यधिक पसीना आना, तेज बुखार, चक्कर आना, बेहोशी या उल्टी जैसी समस्या हो तो उसे तुरंत छायादार और ठंडी जगह पर ले जाएं। उसे पानी या ओआरएस दें और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में तुरंत उपचार कराएं।




# क्षीर धारा ग्राम योजना अंतर्गत लगाए जा रहे बांझपन उपचार-जागरूकता शिविर

**आलीराजपुर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशा अनुसार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुये पशुपालन विभाग द्वारा क्षीर धारा ग्राम योजना प्रारम्भ की गई है।

जिसके प्रथम चरण में जिले के 70 ग्रामों का चयन कर कृषि विभाग और स्व सहायता समूह के साथ पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। आज विकासखंड आलीराजपुर के ग्राम बोरकुंवा, लक्ष्मणि,सैजा में शिविर आयोजित किए गए। विकासखंड चंद्रशेखर आज़ाद नगर के ग्राम बडी पोल, गेरुघाटी, छोटी मिरियावाट, विकासखंड जोबट के ग्राम कंदा में शिविर लगाये गये।


उप संचालक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ खरत द्वारा बताया गया कि शिविरों के माध्यम से पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान से नस्?ल सुधार, संतुलित पशु आहार, गर्मी में पशुओं का रखरखाव, पशुओं को होने वाली संक्रामक बीमारियों के बारे में जानकारी देकर टीकाकरण के महत्व के बारे में पशुपालकों को जागरूक किया जा रहा है।

**एक नजर में** ▶ गिरवी रखी चांदी लौटाने से इनकार कर रहा सुनार, मामला सुनते ही कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

# जनसुनवाई में कलेक्टर माथुर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

**आलीराजपुर। जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर नीतू माथुर ने एक-एक कर नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। आज की जनसुनवाई में कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए।**

आज की जनसुनवाई के दौरान आवेदक सिलदार भिंडे पिता दला भिंडे निवासी ग्राम बेहडवा ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके द्वारा स्थानीय सोनार के पास लगभग 500 ग्राम चांदी गिरवी रखकर 10 हजार रुपये उधार लिये थे। उनके द्वारा रुपये वापस ब्याज सहित जमा कर दिए गए हैं परन्तु संबंधित सोनार द्वारा उनकी चांदी वापस देने से इंकार कर रहा है चांदी गिरवी रखते समय उन्हें किसी प्रकार का दस्तावेज भी नहीं दिया गया था। उन्हें आवेदन देते हुए कहा कि मेरी चांदी वापस दिलवायी जाए। उक्त आवेदन के निराकरण के लिए संबंधित सोनार को जनसुनवाई कक्ष में समक्ष बुलाकर कलेक्टर श्रीमती माथुर ने इस संबंध में संवाद कर तहसीलदार को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं एक अन्य आवेदन में वेस्ती चौहान पिता स्व. श्री जोगड़िया चौहान निवासी ग्राम पलासदा तहसील आलीराजपुर ने आवेदन दिया कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग है, उन्हें आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं हैं। उन्होंने आवेदन देते हुए कहा कि शासकीय योजना अनुसार इलेक्ट्रॉनिक साइकिल दिलवायी जाए। कलेक्टर श्रीमती माथुर द्वारा सामाजिक न्याय विभाग अधिकारी को उक्त आवेदन के निराकरण करने के निर्देश दिए।



### बारिश के कारण गिर गया मकान

एक अन्य आवेदन रमेश डावर पिता रिछू डावर निवासी ग्राम सियाली पटेल फलिया तहसील जोबट ने आवेदन दिया कि वर्ष 2023 में अत्यधिक वर्षा के कारण उनका मकान गिर गया था, जिससे अनाज, राशन सामग्री, पशुओं का चारा एवं घरेलू सामग्री नष्ट हो गयी थी और काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने आगे बताया कि वह एक गरीब परिवार से है उनके परिवार का पालन पोषण वह मजदूरी करके करते है। घटना के 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक उन्हें शासन की ओर से किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मकान क्षति का उन्हें मुआवजा दिलवाया जाए। कलेक्टर माथुर ने आवेदन को संबंधित अधिकारी को जांच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में भूमि पर कब्जा, सड़क एवं पुलिया निर्माण, जमीनी विवाद, बिजली बिल , अतिक्रमण जैसे विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम ,संयुक्?त कलेक्टर मनोज गरवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।